NBT PAGE 4

एलयू: परीक्षा फॉर्म की तारीख फिर बढ़ी

■ एनबीटी सं, लखनऊ: परीक्षा फॉर्म भरने में आ रही दिक्कतों को देखते हुए एलयू और सहयुक्त महाविद्यालय स्टूडेंट्स के लिए डेट बढ़ा दी गई है। विषम सेमेस्टर दिसंबर-2022 के ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म अब 7 फरवरी तक भरे जाएंगे। एलयू के परीक्षा नियंत्रक प्रो. विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि स्नातक बीए, बीएससी, बीकाम , एमएससी (एग्रीकल्चर), बीएड, एमएड, बीपीएड, एमपीएड, बीईएलएड, ललित कला संकाय एवं परास्नातक के विषम सेमेस्टर की डेट बढ़ाई गई है। वहीं, विभागाध्यक्ष और संकायाध्यक्ष को परीक्षा फार्मों की सूची 8 फरवरी तक परीक्षा विभाग में जमा करेंगे।

बीटेक और एमसीए की परीक्षा शुरू

■ एनबीटी सं, लखनऊ: एलयू के द्वितीय परिसर स्थित अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में बीटेक, एमसीए के स्टूडेंट्स की सेमेस्टर परीक्षाओं की शुरुआत शनिवार को हुई। बीटेक के तृतीय सेमेस्टर के 326 स्टूडेंट्स में 325 ने परीक्षा दी। वहीं एमसीए तृतीय सेमेस्टर के सभी 36 स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

जी-20 के तहत हुईं प्रतियोगिताएं

लविवि में हुईं प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लविवि में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से जी-20 थीम पर आयोजित प्रतियोगिताओं का शनिवार को समापन हो गया। इस अवसर पर समन्वयक प्रो. पूनम टंडन ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

डॉ. अल्का मिश्रा ने प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिए। एनएसएस के समन्वयक प्रो. डॉ. रूपेश कुमार मौजूद रहे। वहीं विवि में यूपी सीएसटी और इंदिरा गांधी प्लानेटोरियम की ओर से एक सन वाचिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां छात्रों को टेलीस्कोप की मदद से सोलर साइकिल, सन स्पॉट और सोलर फ्लेयर्स को दिखाकर उसके बारे में जानकारी दी गई। साइंटिफिक अफसर सुमित श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

भारत विविधताओं की संस्कृतियों का समागम : आनंद कुमार

जी-20 के तहत शनिवार को लविवि के पर्यटन अध्ययन संस्थान में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विशेष सचिव आनंद कुमार ने कहा कि भारत आदिकाल से मानवीय सभ्यता का परिचायक है। जो सभी संस्कृतियों को अपनाते हुए उनका सम्मान करता है। इसीलिए भारत को विविधताओं की संस्कृतियों की समागम धरा कहा जाता है।

डॉ. कुमकुम धर, प्रतीक हीरा, हिना सिराज, राजेन्द्र प्रसाद ने विचार व्यक्त किए। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन, संयोजक डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव, आशुतोष उपाध्याय, प्रो. बीडी सिंह, प्रो. मधुरिमा लाल आदि मौजूद रहे।

एलयू में जी 20 के तहत प्रतियोगिताओं में पुरस्कृत छात्र। -संवाद

छात्राओं ने दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

लखनऊ। नारी शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज में शनिवार को जी 20 के तहत सड़क सुरक्षा माह का समापन हुआ। प्राचार्या प्रो. सपना वर्मा ने बताया कि इस दौरान छात्राओं ने जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता से सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। मुख्य अतिथि डीसीपी (वेस्ट) डॉ. एस चिनप्पा व सब इंस्पेक्टर सुधाकर पांडेय रहे। निबंध प्रतियोगिता में ऐमन प्रथम, राफिया बानो द्वितीय व मुस्कान साहा तृतीय रहीं। पोस्टर में सृष्टि गुप्ता प्रथम, रोशनी खातून द्वितीय व कशिश जायसवाल तृतीय रहीं। स्लोगन में सृष्टि गुप्ता प्रथम, कृतिका जोशी द्वितीय व शिवानी वर्मा तृतीय रहीं। (संवाद)

सेमिनार का आयोजन

लखनऊ। अमीनाबाद स्थित महिला विद्यालय डिग्री कॉलेज में शनिवार को जी 20 ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के तहत भारतीय संस्कृति की विभिन्न विधाओं पर कार्यक्रम हुआ। नोडल अधिकारी इंद्रा शुक्ला ने बताया कि सेमिनार में नैंसी गुप्ता प्रथम, अमरीन इदरीशी द्वितीय व मनु तृतीय रहे। प्राचार्या निशा गुप्ता भी मौजूद रहीं। (संवाद)

विशेषज्ञों ने समझाई जी 20 की बारीकियां

लखनऊ। बाबू बनारसी दास विवि के डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ऑडिटोरियम में शनिवार को यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट पर आयोजित सूचना वार्ता में विशेषज्ञों ने जी-20 की बारीकियां समझाईं। कुलपति प्रो. डॉ. एके मित्तल, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो एसएमके रिजवी, पूर्व डीजीपी डॉ. विक्रम सिंह, राजस्व विभाग के विशेष सचिव अनुराग पटेल, लखनऊ की रोजगार अधिकारी शशि तिवारी और प्रो. डॉ. प्रभास पाठक ने संबोधित किया।(संवाद)

डिजिटल माध्यम से मिलेगा विधिक ज्ञान

लखनऊ। लविवि के विधि संकाय की संस्था विधिक सहायता केंद्र अब लोगों को डिजिटल माध्यम से विधिक सहायता देगी। इसके लिए संस्था की ओर से एक यूट्यूब चैनल शुरू किया गया है। यहां विधिक जानकारियां निशुल्क मिल सकेंगी। पहले चरण में शनिवार को संस्था ने साइबर अपराध रिपोर्टिंग, शादीशुदा महिलाओं के कानूनी अधिकार और ऑनलाइन एफआईआर दर्ज कराने जैसे विषयों पर वीडियो बनाया। संकाय अध्यक्ष प्रो. डॉ. बीडी सिंह ने बताया कि इससे आमजन को मदद मिलेगी। (संवाद)

मजबूत निगरानी से अपराध पर लगाम

लखनऊ। सेवानिवृत्त आईपीएस राजेश पांडेय ने कहा कि मजबूत निगरानी से ही संगठित अपराध पर नकेल कसी जा सकेगी। वह शनिवार को लखनऊ विवि के रसायन विज्ञान विभाग में आयोजित व्याख्यान में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। सेवानिवृत प्रो. अनिल मिश्रा, प्रो. आभा बिश्नोई, डॉ. विनय कुमार सिंह व प्रो. डॉ. ओम प्रकाश ने संबोधित किया। (संवाद)

नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक

लखनऊ। लविवि के शिक्षा संकाय के छात्रों ने शनिवार को जनेश्वर मिश्रा पार्क में नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक मुद्दों पर जागरूक किया। संकाय अध्यक्ष प्रो. तृप्ता त्रिवेदी, प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. अमिता बाजपेई, प्रो. अरुण कुमार और संयोजक अभिषेक श्रीवास्तव मौजूद रहे। (संवाद)

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि के छात्रों ने लोगों को किया जागरूक

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय द्वारा सामाजिक जागरूकता, पर्यावरण सुरक्षा और जी 20 के अंतर्गत शनिवार को लोगों को जनेश्वर मिश्र पार्क में जागरूक किया गया। इसके अंतर्गत नुक्कड़ नाटक व अन्य सामाजिक जागरूकता सम्बंधित कार्यक्रम किये गए। आयोजन के संयोजक विभाग के छात्र अभिषेक श्रीवास्तव और एमए प्रथम वर्ष के छात्रों और विभागाध्यक्ष तृप्ता त्रिवेदी, दिनेश कुमार, अमिता वाजपेई, किरण लता डंगवाल, अरुण कुमार, प्रो. मुनेश कुमार, रीना अग्रवाल, श्रवण कुमार , डा. नीतू सिंह, डा. हेमेंद्र सिंह, डा. आकांक्षा सिंह सभी शिक्षक मौजूद रहे। इस दौरान विभाग के छात्र शीतल शुक्ला, धृति, आकाश श्रीवास्तव, युवराज सिंह, पुष्पेन्द्र कुमार, राधा, मयंक मिश्रा, आयुष कुमार, दीपांजलि, अंशिका गुप्ता, रागिनी कुमारी, प्रज्ञा मिश्रा, अनूप, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

सांख्यकी विभाग ने आयोजित किया विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट : लखनऊ विश्वविद्यालय के परान्जपे पवेलियन ग्राउन्ड में सांख्यिकी विभाग द्वारा विभागीय क्रिकेट टूनमिन्ट का आयोजन किया गया, जिसमें विभाग की तीन टीमों एम.ए. / एम.एससी. प्रथम सेमेस्टर, एम.ए./एम.एससी तृतीय सेमेस्टर एवं शोध छात्रों द्वारा प्रतिभाग किया गया। शोध छात्रों की टीम में विभाग के तीन शिक्षकों ने भी प्रतिभागिता की। इस प्रतियोगिता में तीन मैचों का आयोजन किया गया। प्रथम मैच में परास्नातक प्रथम सेमेस्टर द्वारा चार विकेट पर 72 रन बनाये गये जिसे परास्नातक तृतीय सेमेस्टर लक्ष्य प्राप्त करने में असफल रहा एवं 54 रन पर ऑल आउट हो गयी। द्वितीय मैच में शोध छात्रों की टीम द्वारा पहले बैटिंग करते हुए तीन विकेट के नुकसान पर 70 रन बनाये गये जिसे परास्नातक तृतीय सेमेस्टर लक्ष्य प्राप्त करने में असफल रहा एवं छह विकेट के नुकसान पर 62 रन ही बना सकी। तृतीय मैच फाइनल के रूप में परास्नातक प्रथम वर्ष एवं शोध छात्रों के मध्य खेला गया, जिसमें शोध छात्रों की टीम द्वारा पहले बैटिंग करते हुए छः विकेट के नुकसान पर 80 रन बनाये जिसे परास्नातक प्रथम वर्ष द्वारा पांच विकेट के नुकसान पर सफलता पूर्वक प्राप्त कर लिया। प्रतियोगिता में हर्ष मिश्रा सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज (36 रन) एवं डा. आकाश अस्थाना सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज (33 रन पर छह विकेट) रहे। कार्यक्रम के समापन में कुलपति द्वारा विजयी टीम (एम.ए./एम.एससी प्रथम सेमेस्टर) के सदस्यों को पुरस्कृत किया गया एवं ट्राफी प्रदान की गयी तथा टूर्नामिन्ट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र अब्बास हैदर (31 रन एवं 5 विकेट) को प्लेयर ऑफ द टूनमिन्ट का पुरस्कार भी दिया गया।

'लोकतंत्र और सतत विकास' विषय पर संगोष्ठी : जी-20 के सम्बन्ध में राजनीति विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा शनिवार को 'लोकतंत्र और सतत विकास' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो.मनुका खन्ना ने 'वैश्विक पर्यावरणीय शासन के परिप्रेक्ष्य में पर्यावरणीय मुद्दों यथा ग्लोवल वार्मिग क्लाइमेट चेंज' पर अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो. कमल कुमार, प्रो. कविराज, प्रो. राघवेन्द्र प्रताप सिंह, डा. राजीव सागर, डा. माधुरी साहू, डा. अनामिका, डा. जितेन्द्र कुमार, डा. दिनेश व अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

JAGRAN CITY PAGE III

एमबीए की परीक्षाएं कल से, समय बदला

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट साइंस (आइएमएस) में संचालित एमबीए रेगुलर व बैक पेपर की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के समय में बदलाव कर दिया है। छह फरवरी से होने वाली ये परीक्षाएं सुबह की जगह दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होंगी।

आइएमएस की ओएसडी प्रोफेसर विनीता काचर ने बताया कि एमबीए (फाइनेंस एंड कंट्रोल), एचआर (मार्केटिंग), आइबी, (ई एंड एफबी) प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं छह से 24 फरवरी तक होंगी। छह को प्रिंसिपल आफ मैनेजमेंट की परीक्षा आयोजित की जाएगी। एमबीए फाइनेंस एंड कंट्रोल तृतीय सेमेस्टर, एमबीए ह्यूमन रिसोर्स तृतीय सेमेस्टर, एमबीए मार्केटिंग तृतीय सेमेस्टर, एमबीए इंटरनेशनल बिजनेस तृतीय सेमेस्टर रेगुलर एंड बैक पेपर की परीक्षाएं सात से 21 फरवरी तक होंगी।

परीक्षा का शेड्यूल जारी : लवि ने आइएमएस के एमबीए एफएंडसी, आइबी, एचआर एंड आइआर (मार्केटिंग) प्रथम सेमेस्टर, तृतीय सेमेस्टर ओल्ड कोर्स, बैक पेपर व इक्जेम्टेड परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है। प्रथम सेमेस्टर की ये परीक्षाएं आठ से 25 व तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं आठ व 10 फरवरी को होंगी।

अब सात फरवरी तक परीक्षा फार्म का मौका

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने एक बार फिर स्नातक व परास्नातक विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के फार्म भरने की तिथि बढ़ा दी है। छात्र-छात्राएं सात फरवरी तक फार्म भर सकते हैं। शनिवार को परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी कर दिया।

लवि ने 25 जनवरी से विषम सेमेस्टर दिसंबर-2022 स्नातक बीए, बीएससी, बीकाम, बीएससी-एमएससी एग्रीकल्चर, बीएड, एमएड, बीपीएड, एमपीएड, बीईएलएड, ललित कला संकाय व पीजी के नियमित, बैक पेपर, इक्जेम्टेड परीक्षा के आनलाइन फार्म भरने की प्रक्रिया शुरू की थी। लेकिन फार्म भरने में हो रही समस्याओं की वजह से चार फरवरी तक तिथि बढ़ा दी। बावजूद इसके छात्र-छात्राओं को आनलाइन फार्म में कई दिक्कतें हो रही हैं। ऐसे में विश्वविद्यालय ने अब सात फरवरी तक मौका दे दिया है। लवि के नियमित छात्र-छात्राओं के परीक्षा फार्मों की सूची विभागाध्यक्ष, संकायाध्यक्ष कार्यालय को आठ फरवरी तक अनिवार्य रूप से परीक्षा विभाग में जमा करनी होगी। कालेजों को परीक्षा फार्मों की सूची 10 फरवरी तक परीक्षा विभाग को उपलब्ध करानी होगी।

98 केंद्रों पर पीजी, 39 पर होंगी बीएड विषम सेमेस्टर परीक्षाएं

लखनऊ विश्वविद्यालय ने परास्नातक (पीजी) और बीएड विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए केंद्रों का निर्धारण शनिवार को कर दिया। पीजी परीक्षाओं के लिए पांचों जिलों में 98 और बीएड सेमेस्टर परीक्षा के लिए 39 केंद्र प्रस्तावित किए गए हैं। दोनों परीक्षाओं के लिए नोडल केंद्र भी जारी किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि प्रस्तावित परीक्षा केंद्र www.lkouniv.ac.in के माध्यम से देखी जा सकती है। इस पर सात फरवरी तक आपत्ति दर्ज करने का मौका दिया गया है।

i-NEXT PAGE 2

महिलाओं को अब ऑनलाइन जागरूक करेगा एलयू

LUCKNOW(4 Feb): लखनऊ यूनिवर्सिटी की लॉ फैकल्टी ने साइबर अपराधों, शादीशुदा महिलाओं के कानूनी अधिकारों को लेकर आमलोगों को जागरूक करने का बीड़ा उठाया है. फैकल्टी के विधिक सहायता केंद्र ऑनलाइन वीडियो के जरिए तीन चरणों में जागरूकता अभियान चला रहा है. शनिवार को इसकी शुरुआत हुई. प्रथम चरण में साइबर अपराध रिपोर्टिंग, शादीशुदा महिलाओं के कानूनी अधिकार, ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करने जैसे विषयों पे यूट्यूब वीडियो बनाया गया। आगे के दो चरणों में रेप पीड़िता के अधिकार, आरटीआई दायर करने की प्रक्रिया जैसे विषयों पे यूट्यूब वीडियो बनाए जाएंगे. यह काम डॉ बी डी सिंह, और डॉ आलोक कुमार यादव की सहायता से किया जा रहा है.

विजेताओं का किया गया सम्मान

लखनऊ यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से जी.20 थीम पर चल रही प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया. कनेक्ट प्रोग्राम की कोऑर्डिनेटर प्रो. पूनम टंडन और कार्यक्रम अधिकारी डॉ अल्का मिश्रा ने विजेताओं को सम्मानित किया. यूपीसीएसटी के सहयोग से एलयू में सन वाचिंग इवेंट का आयोजन भी किया गया. साइंटिफिक ऑफिसर सुमित श्रीवास्तव ने टीम के साथ सोलर टेलिस्कोप की सहायता से सोलर साइकिल सन स्पॉट्स सोलर फ्लेयरस की जानकारी दी.

भारतीय संस्कृति से रूबरू कराना है जरूरी

भारतीय संस्कृति में विविधता विषय पर सेमिनार का किया गया आयोजन

LUCKNOW(4 Feb): पर्यटन अध्ययन संस्थान, एलयू और संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश ने मिलकर शनिवार को भारतीय संस्कृति में विविधता विषय पर सेमिनार का आयोजन किया. इस दौरान लखनऊ विश्वविद्यालय के वीसी आलोक कुमार राय संरक्षक रहे. विशिष्ट अतिथि आईएएस आनन्द कुमार ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विवि की ओर से स्टूडेंट्स को देश की विविध संस्कृतियों से परिचित कराने का माध्यम होते हैं. पैनलिस्ट में कथक नृत्यांगना प्रो कुमकुम धर, इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर आपरेटर्स के यूपी चैप्टर के अध्यक्ष प्रतीक हीराए, ट्रैवेल एजेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के यूपी व उत्तराखंड के अध्यक्ष हिना सिराज आदि मौजूद रहे.

बीटेक- एमएससी के एग्जाम शुरू

एमसीए थर्ड सेमेस्टर में 36 में से 36 छात्र परीक्षा में हाजिर रहे

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW(4 Feb): लखनऊ यूनिवर्सिटी के न्यू कैम्पस के इंजिनियरिंग व टेक्नोलॉजी फैकल्टी में शनिवार से बीटेक व एमसीए के स्टूडेंटस की सेमेस्टर परीक्षाएं शुरु हुई. परीक्षा के पहले दिन बीटेक के थर्ड सेमेस्टर के 326 छात्रों में से 325 छात्रों ने परीक्षा दी. वहीं, एमसीए थर्ड सेमेस्टर में 36 में से 36 छात्र परीक्षा में हाजिर रहे.

विधि संकाय आमजनों को देगा कानूनी जानकारी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय विधि संकाय की प्रतिष्ठित संस्था विधिक सहायता केंद्र के सदस्य आमजन को जागरूक करने और उन्हें उनके आधिकारों के बारे में जानकारी देंगे। यह पूरी प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से कुल तीन चरणों में पूरी की जाएगी। विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रथम चरण में शनिवार को 'साइबर अपराध रिपोर्टिंग, शादीशुदा महिलाओं के कानूनी अधिकार, ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करने' जैसे विषयों पर यूट्यूब वीडियो बनाया गया। यूट्यूब वीडियो तैयार करने में मनीष तिवारी, श्वेता, अंशिका, अमन, इरा, शिवांगी, अंजसी, सुयश, कोमल, गरिमा, नीलांश, रिया, दानिश का विशेष सहयोग रहा।

AMRIT VICHAR PAGE 4

विजेताओं को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से जी-20 थीम पर आधारित पिछले कई दिनों से संचालित की जा रही प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

प्रोग्राम की समन्यवक प्रो. पूनम टंडन तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ.अल्का मिश्रा ने विजेताओं को प्रमाण-पत्र दे कर सम्मानित किया तथा प्रतिभागियों को भी प्रोत्साहन प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर एनएसएस कोआर्डीनेटर प्रो .रूपेश कुमार भी मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त यूपी-सीएसटी और इंदिरा गांधी प्लानेटोरियम के सहयोग से विश्वविद्यालय में सन वाचिंग इवेंट का आयोजन किया गया। यूपी-सीएसटी के साइंटिफिक ऑफिसर सुमित श्रीवास्तव ने अपनी टीम के साथ मिलकर सोलर टेलिस्कोप की सहायता से छात्र-छात्राओं को सोलर साइकिल, सन स्पॉट्स, सोलर फ्लेयरस आदि को दिखाया तथा उसके विषय में जानकारी भी प्रदान की।

'अपराध कम करने के लिए बने आम नीति'

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के केमिस्ट्री विभाग में शनिवार को जी 20 आउटरीच कार्यक्रम के तहत लोकतंत्र में अपराध नियंत्रण विषय पर सेमिनार हुआ।

मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आइपीएस राजेश पांडेय ने वर्ष 2004 से पहले और बाद में अपराध के भी परिदृश्य के बारे में बताया। यह कहा कि जी-20 देशों को क्रास-कंट्री अपराधों को कम करने के लिए एक आम नीति बनानी चाहिए। हमारे समाज में अपराध को नियंत्रित करने और कम करने में लोकतंत्र के उपयोगी होने पर भी विस्तार से बताया। उन्होंने रेखांकित किया कि कैसे भारत एक लोकतांत्रिक राष्ट्र अपराध को कम करने के लिए अपने बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण कर रहा है। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अनिल मिश्र, प्रो. आभा बिश्नोई, प्रो. अभिनव कुमार, डा. ओम प्रकाश, शोधार्थी उपस्थित रहे।

नुक्कड़ नाटक का आयोजन : लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय की ओर से सामाजिक जागरूकता, पर्यावरण सुरक्षा और जी 20 के अंतर्गत शनिवार को लोगों को जागरूक करने के लिए जनेश्वर मिश्र पार्क में नुक्कड़ नाटक व अन्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. तृप्ता त्रिवेदी, प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. अमिता वाजपेई, कैप्टन किरण लता डंगवाल, प्रो. अरुण कुमार सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

जी 20 पर हुआ व्याख्यान : लवि के राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से 'लोकतंत्र और सतत् विकास' विषय पर संगोष्ठी हुई। विशिष्ट वक्ता बीबीएयू के राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो. रिपुसूदन सिंह, एवं इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रो. राजपाल बुदानिया मौजूद रहे। प्रो. रिपुसूदन सिंह ने भारतीय संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के मूल्यों पर विचार रखे। प्रो. राजपाल ने लोकतंत्र और सतत विकास को वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. मनुका खन्ना भी उपस्थित रहीं।

एलयू का विधि संकाय आमजन को करेगा जागरूक

स्वतंत्र भारत संवाददाता ,लखनऊ = लखनऊ विश्वविद्यालय विधि संकाय की प्रतिष्ठित संस्था विधिक सहायता केंद्र के सदस्य आमजन को जागरूक करने और उन्हें उनके आधिकारों के विषय में शिक्षित करने का कार्य करेगा। इस पूरी प्रक्रिया को संकाय डिजीटल माध्यम से कुल तीन चरणों में पूरा करेगा। इसके प्रथम चरण की शुरुआत करते हुए शनिवार को साइबर अपराध रिपोर्टिंग,शादीशुदा महिलाओं के कानूनी अधिकार,ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करने जैसे विषयों पे यूट्यूब वीडियो बनाई गयी है।आगे के दो चरणों में रेप पीड़िता के अधिकार, आरटीआई दायर करने की प्रक्रिया इत्यादि जैसे विषयों पे यूट्यूब वीडियो बनाए जाएंगे। यह संपूर्ण कार्य विधि संकायाध्यक एवं अधिष्ठाता प्रो. बी. डी सिंह व डॉ. आलोक कुमार यादव, चेयरपर्सन, विधिक सहायता केंद्र के मार्गदर्शन में किया गया है।यूट्यूब वीडियो के निर्माण कार्य में मनीष तिवारी, छात्र संयोजक,विधिक सहायता केंद्र व विधिक सहायता केंद्र के अन्य सदस्य श्वेता,अंशिका, अमन, इरा ,शिवांगी ,अंजसी, सुयश, कोमल ,गरिमा ,नीलांश, रिया, दानिश सम्मिलित रहे। संबधित वीडियो का विधिक सहायता केंद्र के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पे अपलोड होंगे।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

भारतीय संस्कृति की विविधता पर संगोष्ठी

लोकतंत्र और सतत् विकास विषय पर संगोष्ठी

स्वतंत्र भारत संवाददाता ,लखनऊ ~लखनऊ विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 'लोकतंत्र और सतत् विकास विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस विशेष संगोष्ठी के विशिष्ट वक्ता प्रो0 रिपुसूदन सिंह, राजनीति विज्ञान विभाग, बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ एवं प्रो0 राजपाल बुदानिया, राजनीति विज्ञान विभाग, इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय, प्रयागराज का स्वागत एवं परिचय प्रो0 कमल कुमार ने किया। उक्त विषयक प्रो0 रिपुसूदन सिंह ने भारतीय संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और सतत् विकास के मूल्यों को उद्घाटित किया। प्रो0 राजपाल बुदानिया ने लोकतंत्र और सतत् विकास को वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में प्रस्तुत किया एवं सतत् विकास लक्ष्य, विकसित और विकासशील देशों में मध्य तुलना करते हुए पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के समन्वयक प्रो0 कमल कुमार ने अमर्त्य सेन के सामर्थ्य दृष्टिकोण की चर्चा करते हुए भारतीय सरकार की नीतियों को विकास की अवधारणा से जोड़ा। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो0 मनुका खन्ना ने ''वैश्विक पर्यावरणीय शासन के परिप्रेक्ष्य में पर्यावरणीय मुद्दों यथा ग्लोबल वार्मिंग क्लाइमेट चेंज पर अपना विचार व्यक्त किया। साथ ही आप द्वारा भारत के प्रथम राजनीति विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को प्रतिष्ठित करने वाले महान प्रो0 वी0एस0 राम की स्मृति के उपलक्ष्य में आयोजित स्लोगन राइटिंग, पोस्टर मेकिंग, कविता एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता कार्यक्रम के विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो0 कमल कुमार, प्रो0 कविराज, प्रो0 राघवेन्द्र प्रताप सिंह, डा0 राजीव सागर, डा0 माधुरी साहू, डा0 अनामिका, डा0 जितेन्द्र कुमार, डा0 दिनेश व अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

स्वतंत्र भारत संवाददाता ,लखनऊ ~लखनऊ विश्वविद्यालय के पर्यटन अध्ययन संस्थान और संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा भारतीय संस्कृति में विविधता विषय पर शनिवार को एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन कुलपति प्रो आलोक कुमार राय के संरक्षण में किया गया। यह संगोष्ठी भारत सरकार के दिशा निर्देश के अधीन जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट के अन्तर्गत शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा, लखनऊ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए आयोजित की गयी।

इस संगोष्ठी के विशिष्ट अतिथि संस्कृति विभाग के विशेष सचिव आनन्द कुमार थे जिन्होंने कहा कि ऐसे सार्थक कार्यक्रम विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को भारत की विविध संस्कृतियों से परिचित कराने का माध्यम होते हैं। भारत की जी-20 अध्यक्षता के समय में यह संगोष्ठी बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस संगोष्ठी के मुख्य प्रायोजक रेडियो जयघोष संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश थे जिन्होंने इस कार्यक्रम को विश्वविद्यालय के साथ हाल ही में हुए एमओयू के तहत प्रायोजित किया। इस संगोष्ठी के सह प्रायोजक पर्यटन युवा क्लब, पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार थे। संगोष्ठी के पैनलिस्ट में कथक में अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रो0 डा0 कुमकुम धर, पूर्व कुलपति, भातखण्डे संगीत विश्वविद्यालय, लखनऊ के साथ इण्डियन एसोशिएसन आफ टूर आपरेटर्स के उत्तर प्रदेश चैप्टर के अध्यक्ष प्रतीक हीरा, ट्रवेल एजेन्ट एसोशिएसन आफ इण्डिया के उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड के अध्यक्ष हिना सिराज, सेवा चिकन संस्थान लखनऊ की संस्थापक रूना बनर्जी, इंस्टीट्यूट आफ होटल मैनेजमेन्ट के प्राचार्य डा0 एम0के0 दास, उत्तर प्रदेश पर्यटन के पूर्व संयुक्त निदेशक राजेन्द्र प्रसाद थे। सभी गणमान्य विद्वानों ने भारत की संस्कृति की विभिन्न विधाओं को जी-20 से जोड़ते हुए अपने वक्तव्य से विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए प्रभावित किया।जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट की समन्वयक प्रो0 पूनम टंडन, डीन एकेडमिक ने कहा कि पिछले सप्ताह से विश्वविद्यालय ने अनेकों कार्यक्रम किये हैं जिसमें यह संगोष्ठी भारत की धरोहर के ज्ञान को विद्यार्थियों के माध्यम से आने वाले वर्षों में जी-20 देशों प्रसारित करेगा तथा इन देशों के पर्यटकों को भारत आने के लिए प्रेरित करेगा।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 3

विवि के कार्यक्रम से संस्कृति से परिचित होते छात्र : आनन्द कुमार

लखनऊ। लविवि के पर्यटन अध्ययन संस्थान और संस्कृति विभाग द्वारा भारतीय संस्कृति में विविधता विषय पर शनिवार को एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन शनिवार को हुआ। इस संगोष्ठी के विशिष्ट अतिथि संस्कृति विभाग के विशेष सचिव आनन्द कुमार मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि ऐसे सार्थक कार्यक्रम विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को भारत की विविध संस्कृतियों से परिचित कराने का माध्यम होते हैं। भारत की जी-20 अध्यक्षता के समय में यह संगोष्ठी बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस संगोष्ठी के मुख्य प्रायोजक संस्कृति विभाग के रेडियो जयघोष थे जिन्होंने इस कार्यक्रम को विश्वविद्यालय के साथ हाल ही में हुए एमओयू के तहत प्रायोजित किया। इस संगोष्ठी के पैनलिस्ट में कथक में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भातखण्डे संगीत विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति डा. कुमकुम धर के साथ इण्डियन एसोशिएसन आफ टूर आपरेटर्स के उत्तर प्रदेश चैप्टर के अध्यक्ष प्रतीक हीरा, ट्रवेल एजेंट एसोशिएसन आफ इण्डिया के उत्तर प्रदेश एवं उत्तरा खण्ड के अध्यक्ष हिना सिराज, सेवा चिकन संस्थान लखनऊ की संस्थापक रूना बनर्जी, इंस्टीट्यूट आफ होटल मैनेजमेन्ट के प्राचार्य डा. एमके दास, उत्तर प्रदेश पर्यटन के पूर्व संयुक्त निदेशक राजेन्द्र प्रसाद उपस्थित रहे।